**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 09.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ की शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया।**
- **उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में स्वदेशी संकल्प यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया।**
- **शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर कल सोनाखान में आयोजित किया जाएगा समारोह।**
- **आज से प्रदेश में सघन कुष्ठ खोज अभियान की हुई शुरूआत।**

## राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष दो हजार तेईस और दो हजार चौबीस के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छत्तीसगढ़ के सारंगढ़—बिलाईगढ़ जिले की शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल भी शामिल हैं। धातु शिल्प में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति ने उन्हें वर्ष दो हजार तेईस के राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि कला लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और एक—दूसरे से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प के क्षेत्र में अड़सठ प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। इस क्षेत्र के विकास से महिला सशक्तिकरण भी सुनिश्चित होगा। पुरस्कार मिलने पर आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए हीराबाई झरेका बघेल ने खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल का पुरस्कृत होना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। श्री साय ने कहा कि सारंगढ़ जिले के बैगीनडीह गांव की शिल्पकार ने अपनी अनूठी धातुकला से देशभर में छत्तीसगढ़ की पहचान को नई ऊंचाई दी है।

## लोकसभा—वामपंथ उग्रवाद

केन्द्र सरकार ने कहा है कि उसने वामपंथ उग्रवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाई है और अगले वर्ष मार्च महीने तक इसे समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्र सरकार इस समस्या को समाप्त करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वामपंथ उग्रवाद न तो देश के संविधान में और न ही लोकतंत्र में विश्वास रखता है। श्री राय ने कहा कि वर्ष दो हजार चार से वर्ष दो हजार चौदह के बीच वामपंथ उग्रवाद की सोलह हजार से अधिक घटनाएं हुईं, जो पिछले दस वर्षों में घटकर लगभग सात हजार रह गई हैं।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में स्वदेशी संकल्प यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स—कैट और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री साव बाइक रैली में भी शामिल हुए और उन्होंने रायपुरवासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की।

## सघन कुष्ठ खोज अभियान

आज से प्रदेश में सघन कुष्ठ खोज अभियान की शुरूआत हुई। इकतीस दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, त्वरित पुष्टि और समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन—जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए दो—सदस्यीय सर्वेक्षण टीमों का गठन किया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से सर्वेक्षण टीमों को सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## कार्यशाला

"एक राष्ट्र एक सदस्यता" अभियान के तहत आज राज्य के नौ शासकीय विश्वविद्यालयों के नोडल अधिकारियों की तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में हुई। इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा विभाग, सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉक्टर एस. भारतीदासन ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालयों को डिजिटल इको सिस्टम से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है।

## वीरनारायण सिंह–शहादत दिवस

शहीद वीरनारायण सिंह का कल शहादत दिवस है। उन्होंने गरीबों, किसानों और आदिवासियों को संगठित किया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्हें छत्तीसगढ़ का पहला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माना जाता है। इस अवसर पर कल दस दिसंबर को बलौदाबाजार जिले के सोनाखान गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी शामिल होने की संभावना है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा एसबीआई सम्मान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत राष्ट्रीय नायकों को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके पैतृक गांवों या उनके गृह नगरों में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर के तहत विकासात्मक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। एसबीआई फाउंडेशन ने सोनाखान गांव में भी इस कार्यक्रम के तहत बुनियादी सुविधाओं, स्कूल, आंगनबाड़ी के विकास के साथ ही शहीद वीरनारायण सिंह युवा प्रशिक्षण केन्द्र भी स्थापित किया है। इस केन्द्र में स्थानीय युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

## राज्यपाल–बस्तर विवि

राज्यपाल रमेन डेका ने बस्तर स्थित शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा और अन्य निर्माण कार्य किए जाने को गंभीरता से लेते हुए इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में कल राज्यपाल ने लोकभवन में मुख्य सचिव से चर्चा की और कहा कि विश्वविद्यालय की जमीन पर अनाधिकृत निर्माण हटाया जाए और भूमि को यथावत् विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में सुरक्षित रखा जाए। वहीं, राज्यपाल ने रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह से चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों की स्मृति को भी संरक्षित करने के लिए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी रामकृष्ण तिवारी का उल्लेख किया, जिन्होंने आजादी के आंदोलन में परिवार सहित अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। राज्यपाल ने उनसे जुड़े अभिलेख और विरासत को संरक्षित रखने का निर्देश दिया। श्री डेका ने रायपुर में ऐसी जगहों की पहचान करने और उसे स्मारक, सूचना पट्ट या मेमोरियल गैलरी के रूप में संरक्षित करने को भी कहा।

## एसआईआर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण और उनके डिजिटलीकरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि बूथ लेवल एजेंटों के साथ ऐसे मतदाताओं की सूची को साझा किया जा रहा है, जिनके गणना प्रपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्होंने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से मतदान केन्द्रवार संबंधित बीएलओ के साथ बैठक करें और मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग दें। इस बीच, महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले में निन्यानवे प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आठ लाख छियासठ हजार से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण भी किया जा चुका है। गौरतलब है कि गणना प्रपत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि परसों ग्यारह दिसंबर है।

## जांजगीर–भाजी महोत्सव

जांजगीर–चांपा जिले के बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में दस दिसंबर को राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान साठ से ज्यादा किस्मों की भाजियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महोत्सव के दौरान भाजी प्रतियोगिता भी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल दस दिसंबर को सुबह ग्यारह बजे से मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जाएगी।

– कल अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

– कवर्धा जिले के सुदूर वनांचलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की सेवा करने वाले चिकित्सकों को कल कवर्धा में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मानित किया।

– राज्य के पुलिस विभाग ने पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार अपना परिणाम **''सीजी पुलिस डॉट जीओवी डॉट इन''** से जिलेवार डाउनलोड कर सकते हैं।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**